छत्तीसगढ़ के 16 बाल वैज्ञानिकों ने राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस में एवं 2 बाल वैज्ञानिकों ने इंडियन साइंस कॉन्ग्रेस में प्रस्तुत किया अपना शोध परियोजना

चर्चा में क्यों?

3 फरवरी, 2023 को छत्तीसगढ़ की अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्लै ने बताया कि प्रदेश के 16 बाल वैज्ञानिकों ने अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस में एवं 2 बाल वैज्ञानिकों ने इंडियन साइंस कॉन्ग्रेस में अपने शोधकार्य को प्रस्तुत किया, जिन्हें विशेषज्ञों द्वारा खूब सराहना मिली।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस का आयोजन 27 से 31 जनवरी तक गुजरात कौंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के द्वारा गुजरात के अहमदाबाद में किया गया था। इसमें छत्तीसगढ़ के अलावा भारत के अन्य राज्यों से लगभग 1200 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया।
- अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्लै ने बताया कि 16 बाल वैज्ञानिकों में से 12 लड़कियों का चयन हुआ है। लड़कियों का चयन इस बात को दर्शाता है कि लड़कियाँ विज्ञान और शोधकार्य में भी बढ़-चढ़ कर भाग ले रहीं है। इससे समाज में भी एक सार्थक संदेश जाएगा।
- राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस 2022 में पारिस्थितिकी तंत्र, स्वास्थ्य और कल्याण तथा पाँच उपविषयों- अपने पारिस्थितिकी तंत्र को जानें, स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण को बढ़ावा देना, पारिस्थितिकी तंत्र और स्वास्थ्य के लिये सामाजिक और सांस्कृतिक प्रथाएँ, आत्मनिर्भरता के लिये पारिस्थितिकी तंत्र आधारित दृष्टिकोण, पारिस्थितिकी तंत्र और स्वास्थ्य के लिये तकनीकी नवाचार पर शोधकार्य प्रस्तुत किया गया।
- राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस में छत्तीसगढ़ से प्रियांश भादुड़ी, नंदिता केवट, रूपशिखा साहू, दिशा साहू, प्रियांशु पटेल, राधिका कँवर, भूमिका जोशी, करम सैमुअल, महेश्वर साहू, जाह्नवी ठाकुर, किरण कंवर, खुशी झा, मनोहर बघेल, प्रार्थना केवट, अन्विका गुप्ता एवं अनन्या सिंह ने भाग लेकर शोध परियोजना प्रस्तुत किया।
- इसके अलावा बाल वैज्ञानिकों और शिक्षकों ने टीचर्स वर्कशॉप, मीट ऑफ साइंटिस्ट सेशन, लोकप्रिय विज्ञान वार्ता, प्रदर्शनी, गतिविधि शिविर, पोस्टर प्रस्तुती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया।
- राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस में वैज्ञानिक डॉ. जे.के. राय एवं चार शिक्षकों अनिल तिवारी, जगदीश्वर राव, मीना जॉनसन और सीमा चतुर्वेदी ने भाग लेकर बाल वैज्ञानिकों को मार्गदर्शन किया।
- इसके अलावा राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस से चयनित दो बाल वैज्ञानिक अनमोल मालवीय और कुमारी हर्षिता राठिया ने नागपुर, महाराष्ट्र में 3 से 7 जनवरी को आयोजित 108 वीं इंडियन साइंस कॉन्ग्रेस में अपना शोध परियोजना को प्रस्तुत किया था।
- इसके साथ हीं इंडियन साइंस कॉन्ग्रेस में प्राईड ऑफ इंडिया-मेगा साइंस एक्स्पो में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के वैज्ञानिकों डॉ. जे.के. राय और डॉ. बीना शर्मा एवं दो परियोजना स्टाफ द्वारा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की विभिन्न गतिविधियों को प्रादर्श के माध्यम से प्रस्तुत किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-children-s-science-congress-and-indian-science-congress